राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 07

चिंतन और समस्या समाधान

कार्यपत्रक - 07

1. चिंतन मानव व्यवहार का एक महत्वपूर्ण संज्ञानात्मक तत्व है। चिंतन को परिभाषित कीजिए और सोच की प्रकृति पर टिप्पणी कीजिए।

2. संकल्पना हमारी दुनिया को श्रेणियों में व्यवस्थित करने में हमारी मदद करती है। अपने दैनिक जीवन से कम से कम पांच उदाहरणों को पहचानें और उनका उपयोग संकल्पना को समझाने के लिए कीजिए।

3. तर्क समस्या समाधान का एक महत्वपूर्ण तत्व है। एक ही समस्या के लिए, दो लोग अलग-अलग तर्क के उपयोग से अलग-अलग समाधान निकाल सकते हैं। तर्क के दो प्रकार होते हैं, इनकी तुलना कीजिए और दोनों के बीच के अंतरों को सूचीबद्ध कीजिए।

4. हर दिन हम सरल से लेकर जटिल तक कई समस्याओं को हल करते हैं लेकिन समस्या समाधान में कुछ सामान्य तत्व शामिल होते हैं। समस्या समाधान के तीन तत्वों की सूची बनाएं और समस्या समाधान में उपयोग की जाने वाली विधियों की व्याख्या कीजिए।

5. एक बार ड्राइंग शुरू करने के बाद, कागज से पेन को हटाए बिना, चार सीधी रेखाओं का उपयोग करके सभी बिंदुओं को कनेक्ट कीजिए।



6. प्रश्न संख्या 6 में घटित होने वाली उस परिघटना को पहचानिए जो दी गई समस्या के समाधान में बाधक है।

7. "सृजनात्मकता का परिणाम दुनिया के सभी आविष्कार और खोज है।" क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं? उचित कारणों से अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।

8. ग्राहम वालेस ने सृजनात्मक सोच को पांच चरण की प्रक्रिया के रूप में वर्णित किया। सृजनात्मक सोच के विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए और सृजनात्मक लोगों की सामान्य विशेषताओं की सूची बनाए।

9. आपका मित्र दो विकल्पों के बीच फंस गया है - वर्तमान नौकरी से इस्तीफा दे और दूसरी नौकरी खोजे या नई नौकरी खोजने के दौरान वर्तमान नौकरी में जारी रखे। निर्णय लेने में अपने मित्र की मदद करने के लिए आपका क्या सुझाव होगा?

10. हम सभी की अपनी सांस्कृतिक मान्यताएं और धारणाएं, राय और पूर्वाग्रह हैं। समझाएं कि हमारा निर्णय हमारी मान्यताओं और धारणाओं से कैसे प्रभावित हो सकता है।